# नारी सब कुछ भूलती है लेकिन अपमान नहीं

## महिलाओं का विद्रोह नहीं ये कांग्रेस का विध्वंस है : सीएम डॉ. मोहन यादव

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 अप्रैल. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और बेजेपी ने नारी शक्ति वंदन विधेयक गिरने के बाद विपक्ष पर ठीकरा फोड़ते हुये कहा कि कांग्रेसियों ने महिलाओं का अपमान किया है. उन्होंने कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी और विपक्ष नेता राहुल गांधी सहित समाजवादी पार्टी, टीएमसी व डीएमके जैसे राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुये कहा कि इन विपक्षी दलों ने विधेयक को गिराकर महिला के अधिकारों का गला घोटने का काम किया है.**

एमवीएम ग्राउंड में आयोजित नारी सशक्तिकरण सम्मेलन कार्यक्रम में डॉ मोहन यादव ने विपक्ष पर जोरदार तरीके से निशाना साधते हुये महिला आरक्षण बिल की विफलता पर आक्रोश व्यक्त किया. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, कवियित्री अनामिका अंबर, सांसद लता वानखेड़े, भजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस, मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय सहित कई गणमान्य नेताओं ने एक साथ मंच साझा करते हुए विधेयक गिरने को महिलाओं का अपमान बताते हुये जमकर हल्लाबोल किया. इस अवसर पर डॉ मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिलाओं का अपमान करती आई है. इस बार भी महिला आरक्षण बिल को संसद में गिराकर उनका अपमान कर कांग्रेस ने बहनों के अधिकारों को फांसी देने का काम किया है. इन्होंने हमेंशा ही महिला अधिकारों को सत्ता की आड़ में कुचलने का और गला घोटने का काम किया है. लेकिन वो ये नहीं जानते ये नारी सब कुछ भूलती है लेकिन अपमान नही, इसका बदला लिया जाएगा. डॉ यादव ने कहा कि 40 साल पहले भी तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीन गांधी ने हमारी बहनों के जीवन में 3 तलाक लाकर उनके अधिकारों पर डाका डाला था और अब एक बर फिर से इन्होंने घोर निंदनीय कार्य किया है. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार देश की आधी आबादी को संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार देना चाहती थी. लेकिन विपक्ष को ये मंजूर नहीं है. आज हर जिले के नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम, नगर पंचायत में निंदा प्रस्ताव लायेगें. वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन विधेयक को लोकसभा में गिराकर ये साबित कर दिया है कि उन्हें देश की बहनों का सम्मान और अधिकार मंजूर नहीं है.



### कांग्रेस को कर्मों की कीमत चुकानी पड़ेगी

महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को मंच से संबोधित करने के बाद जन आक्रोश महिला पद यात्रा के दौरान डॉ यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस के उनके कर्मों की कीमत उनको चुकानी पड़ेगी. कांग्रेस ने सदन में डाका डालकर नारी सशक्तिकरण विधेयक गिराया है इस पर पूरा देश आक्रोशित है, मध्यप्रदेश सरकार लोकतांत्रिक तरीके से, सड़क से लेकर संसद तक अपनी बहनों के साथ मिलकर कांग्रेस का विरोध करेगी.

## एक नजर में



### शादी से लौट रहे कार हादसे में दो की मौत

**ग्वालियर.** जिले के पांच युवक बानमौर में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे, तभी उनकी तेज रफ्तार कार एबी रोड पर श्रीराम कॉलेज के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई. दुर्घटना में राहुल रजक (27) निवासी समाधिया कॉलोनी जनकगंज ग्वालियर और उमेश कुशवाह (29) निवासी न्यू रेलवे कॉलोनी, गांधी नगर ग्वालियर गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को तत्काल नूराबाद अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. कार में सवार अन्य तीन युवक अल्पित झा, सराफत खान और विक्की सिंह व विशाल बाथम को हल्की चोटें आईं. कार तेज रफ्तार में थी, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन डिवाइडर से टकरा गया.

### देशी शराब की सभी दुकानों की हो चुकी नीलामी

**नीमच।** आबकारी नीति के प्रावधानों के चलते प्रदेश में सभी 3553 शराब की सभी दुकानो की बिक्री हो गई हैं। इन दुकानों से 18676.80 करोड़ कुल रेवेन्यू प्राप्त होगा। यह पिछले साल की सालाना वैल्यू से 12.33% ज़्यादा है। दूसरे सोर्स से अनुमानित इनकम 1775 करोड़ रुपए होगी। यह दुकानों से प्राप्त कुल रेवेन्यू का 9.5% है। इन दुकानों की बिक्री से एक्साइज डिपार्टमेंट से अनुमानित रेवेन्यू कलेक्शन 20481.80 करोड़ रूपये होगा। वित्त विभाग द्वारा तय टारगेट 20279 करोड़ रुपए है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026-27 के लिए आबकारी नीति के निर्धारण एवं संबंधित विषयों पर निर्णय लेने एवं आगामी वर्षों के लिये सुझाव देने मंत्रि-परिषद् समिति का गठन किया गया है।

### कार पलटने से महिला की मौत, तीन घायल

**देवास.** इंदौर से शादी सम्मेलन में शामिल होने जा रहा एक परिवार सोमवार को मक्सी रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गया. बरखेड़ा फाटा (टोंककला के पास) पर अचानक कार का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में कुल चार लोग सवार थे. कार चालक कृष्णा मुरारी, निवासी इंदौर, ने बताया कि टायर फटने के बाद वाहन अचानक असंतुलित होकर पलट गया, जिससे वह बेहोश हो गए. हादसे में निर्मला पति घनश्याम, निवासी इंदौर की मौके पर ही मृत्यु हो गई. वहीं, कृष्णा पति मांगीलाल (35 वर्ष), आर्यन पिता कृष्णा साहू (6 वर्ष) तथा आदर्श पिता कृष्णा साहू (ढाई वर्ष) घायल हो गए.

### प्यार के लिए घर से भागी रुखसार

**खंडवा .** शहर के महादेवगढ़ मंदिर एक बार फिर सुर्खियों में है. अक्षय तृतीया के अवसर पर यहां एक प्रेमी युगल ने सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए विवाह रचा लिया. राजस्थान की रहने वाली युवती रुखसार अपने प्रेमी अजय, जो भोपाल का निवासी बताया जा रहा है, के साथ मंदिर पहुंची और दोनों ने विधि-विधान के साथ सात फेरे लिए. बताया जा रहा है कि रुखसार ने अपने परिवार के विरोध के बावजूद यह कदम उठाया. विवाह से पहले मंदिर परिसर में उसका धार्मिक अनुष्ठान कराया गया. इसके बाद उसका नाम बदलकर राधिका रखा गया और फिर वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया. मंदिर में पंडितों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना, हवन और मंत्रोच्चार के बीच विवाह की सभी रस्में पूरी की गई.

## कट्ठीवाड़ा सहकारी बैंक में करोड़ों का गबन में तीन अधिकारी घिरे

**आलीराजपुर, 20 अप्रैल.** जिले के कट्ठीवाड़ा थाना क्षेत्र स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा में लगभग 4 करोड़ रुपये के गबन और धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है. यह मामला किसान क्रेडिट कार्ड ऋण से जुड़ा है, जिसमें बैंक के तीन अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगे हैं. आरोप है कि तत्कालीन समिति प्रबंधक गिरधारीलाल राठौड़, चेकर रमेश भूरिया और कर्मचारी निर्भयसिंह तोमर ने वर्ष 2023-24 के दौरान फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसानों के नाम पर स्वीकृत ऋण राशि को वास्तविक लाभार्थियों के खातों में जमा करने के बजाय निजी खातों में स्थानांतरित कर दिया. इस सुनियोजित धोखाधड़ी से बैंक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ. मामला सामने आने के बाद बैंक प्रबंधन ने विभागीय जांच और ऑडिट कराया, जिसमें इन तीनों की संलिप्तता की पुष्टि हुई. इसके बाद शाखा प्रबंधक की शिकायत पर कट्ठीवाड़ा थाने में धोखाधड़ी, गबन और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई. पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के अनुसार जांच तेजी से चल रही है और साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं. जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना है.

## नियमों की धज्जियां उड़ाती विधायक की थार

### दोबारा नियम तोड़ने पर पुलिस ने फिर काटा चालान

**शिवपुरी. 16 अप्रैल को हुई थार वाहन दुर्घटना के बाद मामला अब नया मोड़ लेता दिख रहा है. जहां एक ओर पुलिस प्रशासन घटना में कानूनी कार्रवाई कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बयानबाजी ने पूरे प्रकरण को राजनीतिक रंग दे दिया है.**

पिछोर से विधायक प्रीतम लोधी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे करैरा एसडीओपी के संदर्भ में आपत्तिजनक भाषा का उपयोग करते नजर आ रहे हैं. इंटरव्यू के दौरान दिए गए इस बयान के बाद अब जनप्रतिनिधियों की भाषा और मर्यादा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं.




बताया जा रहा है कि 16 अप्रैल की सुबह विधायक के पुत्र दिनेश ने थार वाहन से पांच लोगों को टक्कर मार दी थी. घटना के बाद करैरा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन की जांच की. इस दौरान वाहन पर नियम विरुद्ध काली फिल्म और नंबर प्लेट की जगह 'विधायक' लिखा पाया गया, जिसे हटाने की हिदायत देकर चालक को छोड़ दिया गया था. हालांकि, दो दिन बाद भी वाहन में कोई सुधार नहीं किया गया और वही थार नगर की सड़कों पर घूमती देखी गई. इसके बाद करैरा एसडीओपी ने नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वाहन का चालान किया.

इस कार्रवाई के बाद विधायक के बयान सामने आए, जिसने विवाद को और हवा दे दी. एक संवैधानिक पद पर बैठे जनप्रतिनिधि द्वारा इस तरह की भाषा का इस्तेमाल क्या उचित है- यह सवाल अब आम जनता और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है.

## केन्द्रीय जेल में विचाराधीन बंदी ने लगाई फांसी

**जबलपुर.** केन्द्रीय जेल जबलपुर में विचाराधीन बंदी गुड्डू उर्फ राजा पिता गुलाब विश्वकर्मा ने जेल के अस्पताल के वार्ड क्रमांक 3 शौचालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है पूरे मामले की न्यायिक जांच होगी. उसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा की मृतक ने यह कदम किन कारणों से उठाया. वहीं उप अधीक्षक मदन कमलेश ने बताया कि विचाराधीन बंदी गुडडू उर्फ राजा पिता गुलाब विश्वकर्मा 60 वर्ष निवासी साई कॉलोनी लक्ष्मीकांत मेमोरियल स्कूल के पास थाना संजीवनीनगर को जेल वारंट 16 अगस्त 2024 के पालन में जेल दाखिल कराया था.

## रतलाम : डीजे विवाद में युवक की मौत

### एसपी पहुंचे, तीन बारातें बिना दुल्हन लौटीं

### कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा

**रतलाम, 20 अप्रैल. जिले के ताल नगर में विवाह समारोह के दौरान डीजे विवाद में हुई हिंसा में 23 वर्षीय दिलीप माली की मौत हो गई, जबकि विनोद भोई और समरथ भोई घायल हैं. घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.**

जानकारी के अनुसार, तीन बारातों के दौरान डीजे संचालकों के बीच विवाद हुआ, जो मारपीट में बदल गया. आरोप है कि मंदसौर निवासी डीजे संचालक ने चाकू से हमला कर दिया. घायल दिलीप को ताल से रतलाम रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई. घटना के बाद आक्रोशित परिजन थाने पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की. चेतावनी दी गई है कि 24 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा. घटना के बाद तीनों बारातें बिना फेरे लौटीं, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल है.



## थप्पड़ मारने पर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**शिवपुरी, 20 अप्रैल. पति ने पत्नी को पहले जमकर पीटा, फिर बेडरूम में गला घोंटकर मार डाला. गले और पीठ को नाखूनों से नोचा. शरीर पर कई जगह कट लगे थे. पलंग पर डेडबॉडी मिली. मामला करैरा थाना क्षेत्र के टीला रोड का है. मृतका की पहचान 23 वर्षीय नंदनी साहू के रूप में की गई है. नंदनी की शादी करीब 5 साल पहले संदीप साहू से हुई थी. दोनों का एक 4 साल का बेटा है. पुलिस ने देवर-देवरानी और पति को आरोपी बनाया है.**

रात में दोनों के बीच कहासुनी हुई. विवाद बढ़ा तो नंदनी घर छोड़कर जाने लगी. संदीप ने उसे रोकने की कोशिश की. दोनों के बीच हाथापाई हुई. नंदनी ने गुस्से में पति को थप्पड़ मार दिया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई. गुस्से में बेकाबू संदीप साहू ने पहले पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की. इसके बाद कमरे में बिस्तर पर दबोचकर गला दबा दिया. इस दौरान नंदनी के मुंह से खून निकल रहा था, लेकिन आरोपी ने उसे नहीं छोड़ा. गला दबाकर हत्या कर दी.



## चाकू मारकर हत्या और आरक्षक पर किए 9 वार

**नर्मदापुरम, 20 अप्रैल. जिले के शिवपुर थाना क्षेत्र ग्राम नाहरकोला में रविवार देर रात एक शादी समारोह उस वक्त हिंसा में बदल गया, जब मामूली विवाद के बाद चाकू मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी , जबकि 6 अन्य लोग घायल हो गए. सूचना मिलते ही रात करीब 1 बजे पुलिस टीम मौके पर पहुंची. वहीं आरक्षक को चाकू से 9 जगह वार किया.**

थाना प्रभारी केएन रजक के नेतृत्व में पुलिस आरोपियों को पकड़ने पहुंची, लेकिन हालात तब और बिगड़ गए जब एक आरोपी ने पुलिस पर ही हमला कर दिया. आरक्षक के शरीर पर 9 जगह चाकू लगे है. उसकी हालत स्थिर बनी हुई है.

पुलिस ने आरोपियों पर हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है. टीमे गठित कर आरोपियों कि तलाश जारी है.

सूचना मिलने पर रात 1 बजे थाना प्रभारी केएन रजक, प्रधान आरक्षक सुनील, आरक्षक ओम जाट और दीपक आरोपियों को पकड़ने पहुंचे. थाना प्रभारी केएन रजक ने बताया, गांव में हमें देखकर आरोपी भागने लगा. जिसे पकड़ने के लिए आरक्षक ओम और हम दौड़े. आरक्षक ओम जाट ने तेजी से दौड़कर उसे पकड़ लिया. इसके बाद आरोपी ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया और आरक्षक के हाथ, पैर व पेट में चाकू मारे.



### आरोपी पर हत्या के प्रयास के 2 केस दर्ज

शादी समारोह के दौरान उपजे विवाद के बाद आरोपी बाप-बेटे ने एक युवक को चाकू मारे हैं. जिसमें एक की मौत हुई है और अन्य घायल हैं. आरोपियों को पकड़ने जब टीम दौड़ी तो उन्होंने पुलिस पर भी हमला किया. जिसमें आरक्षक को पेट, पैर और हाथ में चोट आई है. रात एसपी साईं कृष्ण एस थोटा ने घटनास्थल और अस्पताल जाकर आरक्षक को देखा . जहां आरक्षक कि हालत ठीक है. आरोपियों के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास के दो केस दर्ज किए गए हैं.

## शिवपुरी में दो बाल विवाह रुकवाए


**शिवपुरी.** जिले में अक्षय तृतीया पर प्रशासन ने बाल विवाह रोकने के लिए सक्रियता दिखाई. चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर मिली सूचना के आधार पर प्रशासनिक टीम ने दो अलग-अलग गांवों में पहुंचकर दो बाल विवाह रुकवाए. दोनों ही मामलों में परिजनों को समझाइश दी गई और कम उम्र में शादी न करने का लिखित आश्वासन लिया गया. टीम ने पहली कार्रवाई तेंदुआ थाना क्षेत्र में की. यहां एक 17 वर्षीय लड़के का विवाह तय किया गया था. जांच में पता चला कि जिस लड़की से शादी होनी थी, वह विदिशा जिले के सिरोंज क्षेत्र की निवासी है और उसकी उम्र भी 18 वर्ष से कम है. दोनों के नाबालिग होने की पुष्टि होने पर मौके पर ही विवाह रुकवा दिया गया.

**निर्मला सप्रे का मामला** | विधायक की सरकार की तरफ से पेश की गयी हाईकोर्ट में जानकारी

## 22 को विधानसभा अध्यक्ष करेंगे सुनवाई

**जबलपुर,20 अप्रैल. सरकार की तरफ से हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ को बताया गया कि विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ दल-बदल कानून के तहत कार्यवाही किये जाने संबंधित आवेदन की सुनवाई विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 22 अप्रैल को निर्धारित की गयी है.**

विधायक निर्मला सप्रे विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगी. सरकार के जवाब को रिकॉर्ड में लेते हुए युगल पीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई 29 अगस्त को निर्धारित की है. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की तरफ से हाईकोर्ट में दल-बदल कानून के तहत कांग्रेस की बीना से विधायक निर्मला सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग की है. याचिका में कहा गया था कि उन्होंने 30 जून 2024 को विधानसभा अध्यक्ष तोमर के समक्ष इस मामले में याचिका दायर की थी. लेकिन निर्धारित 90 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई. लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई. याचिका में कहा गया था कि विधायक निर्मला सप्रे ने पार्टी विरोध गतिविधियों में लिप्त थी. लोकसभा चुनाव के दौरान पांच मई, 2024 को राहतगढ़ में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के कार्यक्रम में मंच पर पहुंची थीं. याचिकाकर्ता का कहना है कि कांग्रेस विधायक सप्रे भाजपा में शामिल हो चुकी हैं. इसके बावजूद उन्होंने विधायक पद से त्यागपत्र नहीं दिया है. दलबदल कानून के प्रकाश में उनका यह रवैया गैर कानूनी है. इसलिए सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए. याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से बताया गया था कि विधानसभा अध्यक्ष ने दायर आवेदन पर 9 अप्रैल को सुनवाई निर्धारित की है. विस अध्यक्ष किसी याचिका पर निर्णय न ले लें, तब तक हाई कोर्ट को पुनरीक्षण का अधिकार नहीं है. याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान बताया गया कि विधानसभा अध्यक्ष विगत 9 अप्रैल को किन्ही कारणों से मामले की सुनवाई नहीं कर पाये थे. अगली सुनवाई 22 अप्रैल को निर्धारित की गयी है. युगल पीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किये.






## 6 किलो पिसा डोडाचुरा पकड़ाया

**नीमच।** थाना प्रभारी नीमच सिटी निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम थाना नीमच सिटी द्वारा अभियान के दौरान प्रभावी कार्रवाई कर अवैध डोडाचुरा व एमडी ड्रग्स की तस्करी करते 01 पल्सर मोटरसायकिल सहित कुल 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस थाना नीमच सिटी द्वारा दिनांक 19.04.26 को नीमच-मनासा रोड पर करंट वाले बालाजी मंदिर के पास थाना नीमच सिटी पर वाहन चैकिंग की जाकर मालखेडा तरफ से एक संदेही पल्सर मोटरसायकिल आई, जो नाकाबंदी देखकर मोटरसायकिल पल्टा कर भागने का प्रयास किया, जो फोर्स की मदद से रोककर उनकी तलाशी के दौरान आरोपीयो के पेंट की जेब व बैग के अंदर भरा कुल 06 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा व 150 ग्राम एमडी ड्रग्स जप्त की गई तथा आरोपीयो को विधिवत गिरफ्तार किया गया ।

## पैसों के विवाद में कलयुगी बेटे ने पिता को मारी गोली, मौत

**बड़वानी,20 अप्रैल. जिले के पिछोड़ी गांव में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां महज रुपयों के विवाद में एक बेटे ने अपने ही पिता की बेरहमी से हत्या कर दी. आरोपी बेटे ने बहस के दौरान अपने पिता की कनपटी पर पिस्टल सटाकर गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई.**

पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय आरोपी चंदन बडोले पहले वेल्डिंग की दुकान चलाता था. वह पिछले काफी समय से अपने पिता जगन बडोले 58 पर पैसों के लिए दबाव बना रहा था. पिता ने उसे पहले भी दो लाख रुपये दिए थे, लेकिन चंदन की मांगें खत्म नहीं हो रही थी. सोमवार दोपहर इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई. परिजनों ने बताया कि परिवार के पास कुल 7 एकड़ जमीन है. आरोपी चंदन अक्सर जमीन और रुपयों को लेकर घर में झगड़ा करता रहता था. पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान पर आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है. मृतक के शव का पोस्ट मार्टम जिला अस्पताल में परिजनों की उपस्थिति में किया. कोतवाली थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच में लिया है.

### पत्नी के सामने ही चला दी गोली

मृतक की पत्नी गौरी बाई ने पुलिस को बताया कि विवाद के दौरान चंदन ने आपा खो दिया और घर में रखी पिस्तौल निकालकर पिता के सिर पर गोली दाग दी. लहूलुहान हालत में जगन बडोले ने वहीं दम तोड़ दिया. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया.